# विधायक पाटीदार के जन्मदिन पर डेढ़ करोड़ के विकास का भूमिपूजन

- नए कचरा वाहनों को दिखाई हरी झंडी
- गायत्री मंदिर तिराहा का होगा सौंदर्यीकरण




**खरगोन।** क्षेत्रीय विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने बुधवार को अपने जन्मदिन के अवसर पर नगरवासियों को विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करते हुए शहर के सर्वांगीण विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत नगर पालिका परिषद के लिए खरीदे गए 10 नए कचरा वाहनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम की शुरुआत जैतापुर स्थित माली मोहल्ला में लगभग 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित सागरवंशी माली समाज के सामुदायिक भवन के लोकार्पण से हुई। इसके पश्चात सब्जी मंडी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक पाटीदार ने 60.86 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सब्जी मंडी शेड एवं प्लेटफॉर्म, 37.23 लाख रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 5 में कृष्ण कुंज से राजवाड़ा को जोड़ने वाली पुलिया, 24.18 लाख रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 29 स्थित विश्वसखा कॉलोनी के गार्डन के सौंदर्यीकरण तथा 33.37 लाख रुपये की लागत से गायत्री मंदिर तिराहा के सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर विधायक पाटीदार ने कहा कि नगर पालिका परिषद शहर के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है और भविष्य में भी विकास कार्यों की यह श्रृंखला जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी विकास कार्य की सफलता जनसहभागिता पर निर्भर करती है। सभी नागरिकों के सहयोग से निर्माण कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण होंगे।

उन्होंने कहा कि सब्जी मंडी परिसर में बनने वाला नया शेड एवं प्लेटफॉर्म व्यापारियों और आम नागरिकों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। साथ ही मंडी को रात्रिकालीन गतिविधियों के अनुरूप और अधिक सुविधाजनक बनाने के भी प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया अरुण जोशी, उपाध्यक्ष श्री भोलू कर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगदीश पटेल, लोक निर्माण सभापति श्री धीरेंद्रसिंह चौहान सहित जनप्रतिनिधि, नगर पालिका की मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमला कोल, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

**10 नए कचरा वाहनों, को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया**

कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर पालिका परिषद के 10 नए कचरा वाहनों, जिनमें 6 डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहन एवं 4 डम्पर वाहन शामिल हैं, को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इन वाहनों के संचालन से शहर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा स्वच्छता अभियान को गति मिलेगी।



# छात्रों ने शतरंज में दिखाया दमखम

**खरगोन।** स्कूल शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय शतरंज व स्केटिंग की चयन स्पर्धा का आयोजन निजी स्कूल में किया गया। यहां 300 खिलाड़ियों ने स्पर्धा में भाग लिया।

शतरंज में जहां खिलाड़ियों ने एक दूसरे को शय और मात देने के लिए अपने दिमागी खेल कौशल का प्रदर्शन किया, वहीं स्केटिंग में शारीरिक संतुलन दिखाकर स्पर्धा में अपनी जगह बनाई। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष बापूसिंह परिहार ने कहा कि वर्तमान में पढाई के साथ खेलों में भी अच्छे कैरियर की संभावनाएं हैं। लेकिन कठीन अभ्यास से ही सफलता संभव है।

जिला शिक्षा अधिकारी तेजसिंह राठौर ने खिलाडियो को पढाई व खेलों दोनों के अभ्यास के लिए प्रेरित किया। समाजसेवी रवि जायसवाल, स्कूल के सीईओ प्रहलाद भंडारी ने भी खिलाडियों को शुभकामनाएं दी। क्रीडा निरीक्षक हबीब बेग मिर्जा ने स्पर्धा का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि चयनीत खिलाडी संभाग स्तरीय स्पर्धा में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# चावला भाजपा दिव्यांग कल्याण प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक

**खरगोन।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल जी के सहमति से भाजपा दिव्यांग कल्याण प्रकोष्ठ मय प्रदेश में पदाधिकारी की घोषणा कर दी गई है। इसमें प्रदेश सहसंयोजक ललित चावला को बनाया गया है। इससे दिव्यांगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। आने वाले समय में दिव्यांगों के लिए अनेक सरकारी योजनाओं के तहत आत्मनिर्भर दिव्य मध्य प्रदेश का सपना भारतीय जनता पार्टी मुख्यमंत्री मोहन यादव, दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग मंत्री नारायण कुशवाहा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल जी दिव्यांग प्रकोष्ठ के संयोजक संदीप रजक के द्वारा अनेक दिव्यांग हित में कार्य किए जाएंगे। विधायक बालकृष्ण पाटीदार, सांसद गजेंद्र पटेल, खरगोन जिला अध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे, नगर पालिका अध्यक्ष छाया दीदी, नगर पालिका उपाध्यक्ष भोलू कर्मा एवं संगठन के पदाधिकारी भूपेन कर्मा, सुनील वर्मा, मोहन वर्मा, जीवन कुशवाह, सुनीता खालसा, संगीता वर्मा, शबनम दीदी, इकबाल शेख, पप्पू मालवीय, अजय भाई, लोकेंद्र भावसार, प्रेमलाल एवं समस्त दिव्यांग साथियों ललित चावला को शुभकामनाएं दी



# चौरासी महादेव दर्शन यात्रा 9 अगस्त को

**खरगोन।** श्रावण मास में प्रेरणास्त्रोत पंडित जगदीश ठक्कर के नेतृत्व में 9 अगस्त को चौरासी महादेव दर्शन यात्रा बड़ी धुमधाम से निकलेगी। यात्रा में शामिल शिव भक्तों के लिए यात्रा मार्ग में 50 से अधिक सेवा एवं 15 से अधिक स्थानों पर स्वागत मंच लगेंगे।

चौरासी महादेव दर्शन यात्रा समिति के मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र भावसार लाला ने बताया कि यात्रा के दौरान धार्मिक एवं सामाजिक सेवा संगठनों द्वारा साबुदाना खिचड़ी, भजिये, मोरधान, फलाहारी मिक्चर, पोहा, पिंगर, फल, नमकीन छाछ, ठंडाई, नींबू पानी, चाय, पानी आदि के माध्यम से शिवभक्तों का स्वागत सत्कार किया जाएगा। समिति अध्यक्ष इंजी. नीतिन मालवीय ने बताया कि सेवा स्टॉल के अलावा यात्रा के समापन पर भावसार मोहल्ला स्थित भावसार मंगल भवन में यात्रा में शामिल सभी शिवभक्तों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई है। वहीं एकादशी का व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी फलाहार की व्यवस्था की गई है। यात्रा व्यवस्थापक राजू भावसार व संदीप भावसार ने बताया कि यात्रा के प्रचार-प्रसार हेतु गत दिवस एक प्रचार रथ भी तैयार किया गया है, जो गांवों में भी प्रचार करेगा।



## एक नजर में

### खरगोन में भोलेनाथ का शिव डोला 30 को



**खरगोन।** आगामी 30 अगस्त को आयोजित होने वाले पारंपरिक शिव डोला आयोजन को लेकर कलेक्टर गुरु प्रसाद एवं पुलिस अधीक्षक रवींद्र वर्मा ने गुरुवार को शिव डोला मार्ग का संयुक्त निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा एवं आयोजन के सुचारू संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर गुरु प्रसाद ने शिव डोला मार्ग को व्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने के लिए मार्ग में बाधा बनने वाले लटकते बिजली के तारों को तत्काल व्यवस्थित कराने, नालियों की समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा मार्ग की आवश्यक मरम्मत एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। पुलिस अधीक्षक रवींद्र वर्मा ने यातायात व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को ट्रैफिक संचालन के लिए प्रभावी रूट प्लान तैयार करने, आवश्यक स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती तथा भीड़ प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिव डोला के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों एवं शिव डोला में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं से अपील की कि वे आयोजन के दौरान पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करें, यातायात संबंधी निर्देशों का पालन करें तथा व्यवस्था बनाए रखने में अपनी सहभागिता निभाएं, जिससे शिव डोला का आयोजन शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हो सके। इस दौरान अपर कलेक्टर रेखा राठौर, डिप्टी कलेक्टर वीरेंद्र कुमार कटारे, एसडीएम सत्येंद्र बैरवा, नगर पालिका सीएमओ कमला कौल सहित अन्य अधिकारी एवं शिव डोला समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### नवागत थाना प्रभारी का किया स्वागत

**कसरावद।** कसरावद थाने में स्थानांतरित होकर आए नवागत थाना प्रभारी इंद्रेश त्रिपाठी का हेला मुस्लिम समाज एवं सफाई कर्मचारी संघ द्वारा सौजन्य भेंट कि गई, जिसमें हेला समाज के वरिष्ठ समाजजन उपस्थित थे। इस अवसर पर समाज के द्वारा नवागत थाना प्रभारी इंद्रेश त्रिपाठी का शाल श्रीफल एवं पुष्पमाला से स्वागत कर उन्हें नयी जिम्मेदारी की बधाई दी। इस अवसर पर हेला समाज के संभागीय अध्यक्ष इक़बाल हुसैन, कसरावद हेला समाज सदर सादिक मास्टर, वरिष्ठ जिम्मेदार कालू पटेल, गम्मा मास्टर, वारिस बाबा गोगावां, आशिक़ टेलर, एवं सफाई कर्मचारी मोर्चे के वारिस हुसैन, डॉक्टर मोहसिन, कब्रिस्तान कमेटी के सदर जुबेर ड्राइवर, सद्दाम भाई, फरहत हुसैन ने स्वागत किया।

### किले की दीवार से कूदकर महिला ने की आत्महत्या

**महेश्वर।** नगर के प्रसिद्ध अहिल्या घाट पर गुरुवार सुबह करीब 9.30 बजे महेश्वर निवासी एक महिला ने छलांग लगा दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला घाट पर पूजा करने के हिसाब से आई थी। सूचना मिलते ही महेश्वर पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा और गंभीर रूप से घायल महिला को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया लेकिन अस्पताल तक पहुंचन में देर हो चुकी थी, डॉक्टरों की टीम ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान लक्ष्मीबाई पति हरभजन सिंह (उम्र 45 वर्ष) के रूप में हुई है, जो महेश्वर के अंबेडकर वार्ड नंबर 8 स्थित मल्टी में रह रही थी। घटना की खबर मिलते ही मृतका का बेटा और बेटी भी मौके पर पहुंचे। जिनका रो-रो कर बुला हाल हो रहा था।

# शांति समिति की बैठक में अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियां

**कसरावद।** आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के सफल एवं गरिमामय आयोजन को लेकर गुरुवार को एसडीएम कार्यालय में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम अनिल जैन ने की। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को उनके दायित्वों से अवगत कराते हुए समय पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी कार्यक्रम को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए नगर परिषद, पुलिस, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जनपद पंचायत सहित सभी विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। समारोह स्थल पर एम्बुलेंस, दमकल वाहन, पेयजल, विद्युत, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।एसडीएम ने विद्यालयों से अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने का आग्रह किया। बैठक में तहसीलदार मुकेश मचार, थाना प्रभारी इंद्रेश त्रिपाठी, जनपद पंचायत सीईओ रीना किराड़, नगर परिषद, एमपीईबी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, नगर के गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार उपस्थित रहे।

# जंतर -मंतर पर पुलिसकर्मियों पर हमले का विरोध

**खरगोन।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर 20 जुलाई को हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस और अर्द्धसैन्य दल पर हुए हमले के बाद पुलिस पेंशनर्स संघ मध्य प्रदेश ने पुलिस सुरक्षा के लिए कड़े कानून बनाने की मांग की है। गुरुवार को जिला मुख्यालय पर पुलिस पेंशनर्स संघ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री मोहन यादव और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

संघ ने ज्ञापन में बताया कि काकरोच जनता पार्टी के नेता अभिजित दीपके के नेतृत्व में नीट परीक्षा पेपर लीक के विरोध में शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर आंदोलन किया गया था। इस दौरान छात्र-छात्राओं के अलावा असामाजिक और आपराधिक तत्वों ने घुसपैठ कर तोडफ़ोड़ की, शासकीय व निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया और कानून व्यवस्था बिगाड़ी। सुरक्षा में लगे पुलिस और अर्थसैन्य दल के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ अभद्रता और गंभीर मारपीट की गई, जिसमें लगभग 150 से 200 पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हुए। संघ ने मीडिया की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि सोशलए फ्रंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया केवल आंदोलनकारियों के पक्ष को बढ़ा.चढ़ाकर दिखा रही है, जबकि पुलिस पर हुए जानलेवा हमलों की चर्चा नहीं की जा रही। संघ ने मांग की है कि आंदोलन की अनुमति देते समय आयोजकों की पूरी जिम्मेदारी तय की जाए, पुलिस और अर्द्धसैन्य दल के बचाव के कानूनों में कड़े प्रावधान किए जाएं, पुलिस प्रोटेक्शन एक्ट बनाया जाए, घायल पुलिसकर्मियों के इलाज का खर्च सरकार वहन करे और किसी पुलिसकर्मी की मृत्यु होने पर पांच करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए। इस अवसर पर शिवराम पाटीदार अध्यक्ष निमाड़ रेंज, कमल पाठक अध्यक्ष, राजाराम यादव कार्यवाहक अध्यक्ष, जगदीश पाटीदार रिटायर्ड डीएसपी, राधेश्याम चौहान रिटायर्ड डीएसपी आदि उपस्थित रहे।



# चिरिया में शासकीय भवन पर अतिक्रमण का आरोप, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**झिरन्या।** चिरिया में स्वास्थ्य विभाग के एक जर्जर शासकीय भवन के पुनर्निर्माण को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि स्वास्थ्य विभाग की एक एएनएम द्वारा शासन से डिस्मेंटल घोषित भवन पर बिना आवश्यक अनुमति के निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

मामले को लेकर ग्रामीणों ने फॉरेस्ट विभाग एवं ग्राम पंचायत को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है और कभी भी गिर सकता है। उनका कहना है कि भवन में एएनएम सीमा मैडम अकेली निवास करती हैं, जिससे उनकी सुरक्षा भी चिंता का विषय बनी हुई है। ग्रामीणों ने मांग की कि पुराने भवन को पूरी तरह हटाकर नियमानुसार नया भवन बनाया जाए।



ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि निर्माण कार्य शुरू होने से पहले ग्राम पंचायत ने इसे रोकने के निर्देश दिए थे, लेकिन इसके बावजूद निर्माण जारी रहा और भवन का बाहरी हिस्सा तैयार कर लिया गया।

भाजपा चिरिया मंडल के महामंत्री अनिल गुप्ता ने कहा कि यदि बिना अनुमति शासकीय भवन में परिवर्तन या नया निर्माण किया गया है, तो संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार जांच कर दंडात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए।

ज्ञापन सौंपने वालों में अनिल गुप्ता, विक्की कुशवाह, सोनू अग्रवाल, विकास अर्जुन पवार, पिंटू चौहान, रौनक अग्रवाल, सावन सेन, वसीम खान, कैलाश चौहान, उमेश मालवीय, कान्हा पाटीदार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

# सावन में रात में ट्रकों के संचालन की अनुमति की मांग

**बड़वाह।** सनावद, बड़वाह, बेड़िया और ओंकारेश्वर के ट्रांसपोर्ट संचालकों ने सावन में मालवाहक ट्रकों के रात्रिकालीन संचालन की अनुमति देने की मांग को लेकर विधायक सचिन बिरला को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर भार वाहनों के प्रतिबंध से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

ट्रांसपोर्टरों ने मांग की कि कांवड़ यात्रियों के विश्राम समय को ध्यान में रखते हुए रात 9 बजे से सुबह 5 बजे तक मालवाहक ट्रकों के संचालन की अनुमति दी जाए। ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि प्रतिबंध के कारण वाहनों को लगभग 100 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है, जिससे प्रति वाहन परिवहन लागत में 3 से 4 हजार रुपये तक की वृद्धि हो रही है। इसका असर कृषि सामग्री, दवाइयों, खाद्यान्न, किराना सहित आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और आम जनता पर पड़ रहा है। समस्या का समाधान नहीं होने पर ट्रांसपोर्ट संचालक अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं। विधायक सचिन बिरला ने ट्रांसपोर्टरों को आश्वस्त किया कि वे प्रदेश के परिवहन मंत्री एवं इंदौर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक से चर्चा कर उनकी समस्या के समाधान का प्रयास करेंगे।

# 10 पिस्टल के साथ दो हथियार तस्कर गिरफ्तार

**खरगोन।** हरियाणा और उत्तर प्रदेश के राज्यों से जिले में अवैध हथियार खरीदने आए दो तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़े है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 10 अवैध पिस्टल जब्त की है। अवैध हथियार तस्कर स्कार्पियों वाहन से हथियारों की तस्करी कर रहे थे, पुलिस ने कार्रवाई में वाहन भी जब्त किया है।

पुलिस कंट्रोल रुम में गुरुवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी रविंद्र वर्मा ने बताया कि अवैध हथियारों के निर्माण और तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की रखी जा रही निगरानी के चलते 5 अगस्त को थाना बिस्टान पर मुखबिर से सूचना मिली कि एक काले रंग की बिना नंबर की स्कॉर्पियो में दो व्यक्ति अवैध पिस्टल लेकर ग्राम सिगनूर से खरगोन की ओर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना बिस्टान, भीकनगांव और गोगावां की पुलिस टीमों ने ग्राम रसगांगली में घेराबंदी कर स्कॉर्पियो को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर सीट के नीचे एक थैली में दस देशी पिस्टल मिलीं। पुलिस ने कार्रवाई में रोकेश पिता उदयवीर जाट निवासी मकान नम्बर 15 एकता आंगनबाडी के पास ग्राम जैदापुर थाना गदपुरी जिला पलवल हरियाणा और रोहित पिता श्रीपाल सारस्वत निवासी ब्रजधाम कालोनी माट थाना माट तहसील व जिला मथुरा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया। जब्त की गई पिस्टलों की कीमत लगभग 2.50 लाख रुपये और स्कॉर्पियो वाहन की कीमत लगभग 15 लाख रुपये है।

## एक नजर में

**साबूदाने की खिचड़ी, चाय प्रसादी के साथ कावड़िये लेते हैं यहां झूलों का आनन्द, विश्राम की व्यवस्था भी**

# कावड़ियों की सेवा, 26 वर्षों से निरंतर चल रहा सेवा का अनुष्ठान

**बड़वाह।** सावन शुरू होते ही शहर व अंचल महादेव की अर्चना में डूबा हुआ है। शिवालयो में बड़ी संख्या में दर्शनार्थी पहुच रहे है। वही शिव भक्ति के लिए श्रद्धालु विभिन्न जतन कर रहे है। कावड़ यात्रियों की नि:शुल्क सेवा करना एक अत्यंत पुण्य और सराहनीय कार्य है, जिसमें कई वर्षों से शहर में जगह-जगह विभिन्न सामाजिक संगठन और स्थानीय लोग सावन माह में कांवड़ यात्रियों की सेवा के माध्यम से शिवभक्तों को चाय, नाश्ता, भोजन और विश्राम की सुविधा प्रदान कर रहे है।

नगर से इंदौर-इच्छापुर हाइवे से गुजरने वाले सैकड़ो श्रद्धालु श्रावण माह में रिमझिम बारिश के बावजुद कावडियो का जोश चरम पर है। वही यहां से निकलने वाले कावडीयो की संख्या भी प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। कावड़ीयो की सेवा सत्कार के लिए नगर में इस वर्ष भी शिव भक्तो द्वारा व्यवस्थाए की गई है। इसके बीच इंदौर रोड़ गो-शाला स्थित आन्देश्वर महादेव भक्त मण्डल एवं सरकार मित्र मण्डल के कार्यकर्ताओ द्वारा ओंकारेश्वर व उज्जैन जाने वाले कावड़ यात्रियों के लिए विभिन्न सुविधाए जुटाई गई है। निरंतर 26 वर्षो से श्रावण में भोले के भक्तो की सेवा का यह अनुष्ठान चलाया जा रहा है। वही नर्मदा रोड माँ नर्मदा टेंट हाउस के पास जनधन क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड इंदौर के द्वारा कावड यात्रियों के लिए नि: शुल्क चाय की व्यवस्था के लिए स्टाल लगाया है। उन्होंने बताया कि यह दूसरा वर्ष है,सावन के पुरे माह कावड यात्रियों के लिए चाय की व्यवस्था रहती है।स्थानीय श्रीकृष्ण गौशाला में कई वर्षो से आनंदेश्वर भक्त मंडल एवं सरकार मित्र मण्डल बडवाह द्वारा इन कावड़ीयो का आदर सत्कार किया जा रहा है। मंडल के प्रमुख बालकिशन जाट ने बताया की पुरे श्रावण मास में 24 घंटे प्रतिदिन चाय, प्रसादी का प्रसाद बांटा जाता है।

